Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005

Participants : Singh Shri Mohan

Title: Need to admit students in standard – I in Kendriya Vidyalaya, Deoria, Uttar Pradesh.

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र देवरिया में केन्द्रीय विद्यालय कार्यरत है। इस संस्था में सुचारू रूप से पठन पाठन हो रहा है। इस साल दर्जा एक में प्रवेश सहसा बंद रक दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों की परेशानियां बढ़ गयी हैं। वहां आशंका व्याप्त है कि केन्द्रीय विद्यालय को ही बंद कर देने की योजना है। इससे आम लोगों में असंतोा बढ़ रहा है।

मेरी मांग है कि केन्द्रीय विद्यालय देवरिया, उत्तर प्रदेश को ठीक से संचालित किया जाये। दर्जा एक में प्रवेश तत्काल शुरू किया जाये और इस विद्यालय के भवन निर्माण की व्यवस्था की जाये।